**बरसाती पानी संबंधी संपत्तियों के रख-रखाव और निर्माण के लिए निजी संपत्ति पर प्रवेश**

हम इस क्षेत्र में बरसाती पानी के सार्वजनिक नेटवर्क का प्रबंधन और रख-रखाव करते हैं।

**हमें निजी संपत्ति पर प्रवेश की आवश्यकता क्यों है**

अनेक पाइप, मैनहोल, पुलिया और नालियाँ, निजी भूमि पर हैं। अर्थात हमें निम्न कार्यों के लिए आपकी संपत्ति पर प्रवेश करना पड़ सकता है:

- पानी के नमूने लेने के लिए
- मौजूदा जल सेवा परिसंपत्तियों और जलमार्गों का निरीक्षण, रखरखाव या बेहतर बनाने के लिए
- नई बरसाती पानी अवसंरचना स्थापित करने के लिए
- तत्काल महत्त्वपूर्ण कार्य करने के लिए।

**हम आपकी संपत्ति पर प्रवेश करने से पहले**

हम आपकी संपत्ति पर प्रवेश करने से पहले आपको 'संपत्ति पर प्रवेश का नोटिस' भेजेंगे। इसमें आपके लिए निम्न जानकारी होगी

- कि हमें आपकी संपत्ति पर प्रवेश की आवश्यकता क्यों है और वहां होने के दौरान हम किस तरह के कार्य कर सकते हैं
- कि हम कब आपकी संपत्ति पर प्रवेश (दिन और समय) की योजना बना रहे हैं, और हम वहाँ कितने समय तक रहने की अपेक्षा करते हैं
- कि हम किस प्रकार आपकी संपत्ति पर प्रवेश की योजना बना रहे हैं, और यह पहुँच सड़क की तरफ से होगी या पड़ोस की संपत्ति की तरफ से होगी
- आपकी संपत्ति पर कोई प्रभाव, जिसमें किसी ढाँचे या पेड़-पौधे को हटाने की आवश्यकता हो सकती है।

'संपत्ति पर प्रवेश के लिए नोटिस' एक वैधानिक (कानूनी रूप से जरूरी) नोटिस है और आपको उस पर औपचारिक प्रतिक्रिया करने या आपत्ति करने का अधिकार है।

**प्रवेश की शर्तें**

आप पूर्ण सहमति दे सकते हैं या प्रवेश की शर्तें बता सकते हैं, उदाहरण के लिए:

- कि संपत्ति पर पालतू पशु हैं
- आप चाहते हैं कि हम किसी अन्य समय पर आएं।

आपकी ओर से हमें दी जाने वाली कोई भी शर्त ऐसी नहीं हो सकती:

- जो प्रवेश को 15 कार्य दिवसों से अधिक विलंबित करती हो
- किसी भुगतान या अन्य प्रकार के मुआवजे की अपेक्षा हो

- जल सेवा प्रदाता को इस नोटिस के अंतर्गत बताए कार्य को करने से रोकती हो
- [सम्पत्ति] मालिक तथा जल सेवा प्रदाता के बीच किसी कानूनी बाध्यकारी समझौते (नए या मौजूदा) को अध्यारोपित या परिवर्तित करती हो।

**'संपत्ति पर प्रवेश' के नोटिस का उत्तर कैसे दें**

'संपत्ति पर प्रवेश के नोटिस' में आपके लिए यह जानकारी मौजूद है कि आप हमें किस प्रकार उत्तर दें। नोटिस में एक QR कोड और ईमेल पता है।

यदि हमें आपकी संपत्ति पर निरीक्षण कार्य, या मौजूदा जल सेवा ढाँचे से संबंधित कार्य करने हैं और आप 'संपत्ति पर प्रवेश के लिए नोटिस' का उत्तर नहीं देते हैं, तो हम निर्धारित तारीख और समय पर आपकी संपत्ति पर आएंगे।

यदि वह कार्य प्रस्तावित नई जल सेवाओं के ढाँचे से संबंधित है और आप सहमति देने से मना करते हैं (या कार्य पर आपत्ति करते हैं), या 'संपत्ति पर प्रवेश के लिए नोटिस' का उत्तर नहीं देते हैं तो हमें एक वैधानिक आंतरिक समीक्षा (या सुनवाई) आयोजित करनी होगी।

आपको आपके नोटिस में निर्दिष्ट समय सीमा में ही उत्तर देना होगा।

यदि आपको उत्तर देने के लिए सहायता चाहिए तो नोटिस को अपने स्थानीय पुस्तकालय (लाइब्रेरी) में ले जाएं। हमारी टीम का कोई भी सदस्य आपकी सहायता कर सकता है।

**आंतरिक समीक्षा और सुनवाई**

अगर हमें आंतरिक समीक्षा का आयोजन करना है या सुनवाई करनी है, तो हम यह आपकी संपत्ति पर प्रवेश करने से पहले करेंगे। आंतरिक समीक्षा स्वतंत्र जल सेवा आयुक्तों के द्वारा की जाती हैं, और सुनवाई का आयोजन नियामक और सुरक्षा समिति के समक्ष किया जाता है।

यदि आप आंतरिक समीक्षा या सुनवाई के परिणामों से सहमत नहीं हैं, तो आपको जिला न्यायालय में अपील दायर करने का अधिकार है।

**आगे क्या होगा**

हम हमारे द्वारा निर्धारित तारीख और समय पर आपकी संपत्ति तक पहुँचने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करेंगे। यदि प्रस्तावित निरीक्षण की तारीख और समय में कोई परिवर्तन होता है, तो हम आपको लिखित में सूचित करेंगे और आपको तर्कसंगत नोटिस देंगे।

यदि बरसाती पानी संबंधी नए ढाँचे के लिए हमें आपकी संपत्ति पर कार्य करना है और हमें 10 कार्य दिवसों के अंदर आपसे कोई उत्तर नहीं मिलता है, या आप हमें आपकी संपत्ति पर आने की अनुमति नहीं देते हैं, तो कार्य आरंभ करने से पूर्व एक आंतरिक समीक्षा आयोजित की जाएगी।

यदि कार्य तत्काल महत्त्वपूर्ण है, तो हमें आपसे पूर्व अनुमति लिए बिना आपकी संपत्ति पर प्रवेश करने की कानूनन अनुमति है, लेकिन हम आपको यथासंभव शीघ्र ही 'संपत्ति पर प्रवेश के लिए नोटिस' देंगे। यदि संभव हुआ, तो हम प्रवेश करने से पहले आपको सूचित करने का प्रयास करेंगे।

परिषद के कर्मचारियों और ठेकेदारों से, उच्च-दृश्यता वाली वेस्ट पहनना और पहचान पत्र साथ में रखना अपेक्षित है। आप अपनी संपत्ति पर किसी से भी यह पहचान मांग सकते हैं।

**हम आपको परिणामों की जानकारी देंगे**
आपकी संपत्ति पर दौरा करने के बाद हम एक कॉलिंग कार्ड छोड़ सकते हैं, जिसमें आपके लिए ये जानकारी होगी:

- वह तारीख और समय जब हम वहाँ थे
- क्या कार्य किया गया
- यदि आगे कोई कार्य करने की आवश्यकता हो, और उसमें क्या-क्या शामिल होगा।

किसी कारण से आपकी संपत्ति तक न पहुँच सकने की स्थिति में हम आपको सूचित करेंगे कि हम दोबारा कब आएंगे, या समय तय करने के लिए आपसे हमें फोन करने के लिए कह सकते हैं।

**कार्य पूरा होने के बाद आपकी संपत्ति**
कार्य पूरा हो जाने पर, हम ऐसा करेंगे:

- आपकी संपत्ति को व्यावहारिक रूप से यथासंभव उस स्थिति में बहाल करेंगे, जैसी वह कार्य से पहले थी
- किसी क्षति की मरम्मत करेंगे।

आवश्यक होने पर, हम कार्य से पूर्व और कार्य के पश्चात साइट का सर्वेक्षण करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी पक्ष किन्हीं समस्याओं को सरलता से पहचान सकेंगे। यदि हम ऐसा नहीं कर सकते, तो आप लोक निर्माण अधिनियम 1981 के अंतर्गत मुआवज़े के लिए पात्र हो सकते हैं।

**अग्रिम जानकारी**

- स्थानीय सरकार (जल सेवाएँ) अधिनियम 2025
- स्थानीय सरकार अधिनियम 2002
- स्थानीय सरकार अधिनियम 1974
- लोक निर्माण अधिनियम 1981